# सीबीआई और नर्सिंग काउंसिल पेश करें जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई का ब्यौरा

**जबलपुर, 28 अप्रैल. मध्य प्रदेष हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाडा मामले में सीबीआई, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल को हलफनामा के साथ प्रगति रिपोर्ट पेश करने निर्देश जारी किये है. युगलपीठ ने सीबीआई को निर्देशित किया है कि जांच में किन-किन व्यक्तियों या संस्थानों की संलिप्तता पाई और दोषियों के विरुद्ध की गयी दंडात्मक कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी पेश करें.**

गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ता विशाल बघेल की तरफ से दायर जनहित याचिका में प्रदेश में खुले सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी. याचिका में कहा गया था कि निर्धारित शर्तो का पालन नहीं करने के बावजूद भी



कागजों में संचालित नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है. हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेज की जांच के निर्देश सीबीआई को दिये थे.

सीबीआई जांच के दौरान प्रदेश में संचालित 8 सौ नर्सिंग कॉलेजों में से करीब 6 सौ कॉलेज अनुपयुक्त या कमियों से भरे पाए गए थे. इन संस्थानों में भवन, लैब, लाइब्रेरी, अनुभवी शिक्षक और सौ बिस्तरों वाले अस्पताल जैसी अनिवार्य सुविधाएं नहीं थी. कई कॉलेज केवल कागजों पर चल रहे थे और कई प्रिंसिपल और शिक्षक 15-15 कॉलेजों में एक साथ कार्यरत दर्शाए गए थे.

याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि प्रदेश में जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाये गए थे. इन कॉलेज के छात्रों को सुटेबल कॉलेज में स्थानांतरित करने के आदेश हाई कोर्ट द्वारा दिये गये थे. आदेश का परिपालन अभी तक नहीं किया गया है. इन कॉलेजों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 28 अप्रैल से प्रस्तावित है. युगलपीठ ने हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर कोई भी परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जाने के आदेश जारी किये थे.

याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त आदेश जारी किये. युगलपीठ ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल और मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल को समय-समय पर अनुपयुक्त और मानक विहीन कॉलेजों को मान्यता देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही के संबंध में हलफनामा पेश करने के आदेश जारी किये है.

### सर्वोच्च न्यायालय में दायर पांच याचिकाओं के कारण ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई बढ़ी

ओबीसी आरक्षण संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को बताया गया कि इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में दायर पांच याचिका का स्थानांतरण हाईकोर्ट में नहीं हुआ है. युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उन याचिकाओं के स्थानांतरण होने के बाद 13 मई से तीन दिनों तक सुनवाई के निर्देश जारी किये है. मप्र शासन की से युगलपीठ को बताया गया कि ओबीसी आरक्षण के संबंध में नियुक्त किये गये विशेष अधिवक्ता पक्ष प्रस्तुत नहीं करेंगे. गौरतलब है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने को चुनौती दी गई थी.

### 56 लाख की वसूली पर लगाई हाईकोर्ट ने रोक

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस जेके पिल्लई की एकलपीठ ने धान उपार्जन केंद्र रैगवां, जिला पन्ना के केंद्र प्रभारी व समिति प्रबंधक को बड़ी राहत दी है. इसके तहत 56 लाख की वसूली पर रोक लगा दी है. साथ ही संबंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर पूछा है कि बिना उचित सुनवाई और बिना यह बताए कि इतनी बड़ी राशि का निर्धारण किस आधार पर किया गया, किसी कर्मचारी पर सीधे नागरिक दायित्व नहीं थोपा जा सकता. दरअसल याचिकाकर्ता पन्ना निवासी बलराम उरमलिया की ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, पन्ना द्वारा जारी रिकवरी नोटिस चुनौती के योग्य है.

# पावर प्लांट से जिले का होगा विकास

## कमलनाथ ने न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट को लेकर अडानी से की चर्चा

**छिंदवाड़ा, 28 अप्रैल. जिले के ग्राम चौसरा में थर्मल पॉवर प्लांट की जगह में न्यूक्लियर पावर प्लाट चालू करने की दिशा में कवायद शुरू की गई है. इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहां कि छिंदवाड़ा के समग्र विकास के लिए हमारा संकल्प दृढ़ है.**

वर्षों से जो भूमि अनुपयोगी पड़ी थी, उसे अब विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का समय आ गया है. इसी उद्देश्य से छिंदवाड़ा में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट को लेकर हमने गंभीरता से पहल की है. इस संदर्भ में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की गौतम अड़ानी से सकारात्मक चर्चा हुई है, ताकि क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकें. इस परियोजना से



स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा, क्षेत्र में उद्योग एवं व्यापार को नई गति मिलेगी, आधारभूत संरचना जैसे सड़क, बिजली और जल व्यवस्था मजबूत होगी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होगा, वर्षों से बंजर पड़ी भूमि का सार्थक उपयोग सुनिश्चित होगा. श्री नाथ ने जोर दिया कि उनका हमेशा से प्रयास रहा है कि छिंदवाड़ा को विकास के मॉडल के रूप में स्थापित किया जाए. यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र के भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी.

### 299.614 हेक्टेयर दी गई थी जमीन

जानकारी अनुसार सिंगोड़ी के चौसरा में अडानी पावर लिमिटेड द्वारा थर्मल पॉवर प्लांट बनाया जाना था. 1320 मेगावॉट क्षमता वाले इस थर्मल पॉवर प्लांट के लिए अडानी पावर लिमिटेड को 299.614 हेक्टेयर जमीन भी दी गई थी. इस ताप विद्युत परियोजना के लिए अडानी ग्रुप ने 39.60 करोड़ रुपए की कमिटमेंट गांरटी भी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी में जमा करा दी थी लेकिन किसी कारणवश यह प्रोजेक्ट बंद कर दिया गया था.

### चंबल नदी पर शराब पार्टी में विवाद, हुई फायरिंग, युवक को लगी दो गोलियां

भिंड, 28 अप्रैल. अटेर क्षेत्र में चंबल नदी किनारे दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान फायरिंग हो गई. घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके पैर में दो गोलियां लगी हैं. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. अटेर रोड स्थित बंबा किनारा निवासी पूरन सिंह कुशवाह पुत्र रामरतन सिंह अपने कुछ साथियों के साथ चंबल नदी किनारे दाल टिक्कर और शराब की पार्टी मनाने गया था. इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और विवाद में बदल गई. विवाद के दौरान मौजूद आरोपियों में से एक ने अचानक बंदूक निकालकर फायरिंग कर दी. गोली पूरन सिंह के पैर में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा. बताया गया है कि उसके पैर में दो गोलियां लगी हैं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. साथियों ने घायल पूरन को तुरंत अटेर अस्पताल पहुंचाया.

# चलती बस में भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित



**देवास, 28 अप्रैल.** भोपाल रोड स्थित भौंरासा टोल टैक्स के पास मंगलवार को एक चलती बस में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में पहले धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई. प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी के चलते शॉर्ट सर्किट से आग लगी हो सकती है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हुई है। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री समय रहते सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई.

# सिंध नदी में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**दतिया.** दतिया के गोराघाट थाना क्षेत्र के ग्राम धोरा में सिंध नदी से 38 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है. प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध नजर आ रहा है और हत्या की आशंका जताई जा रही है. मृतक की पहचान विकास धाकड़ पुत्र ओमप्रकाश धाकड़ निवासी गणेश कॉलोनी, फतेपुर के रूप में हुई है. वह स्कूल वैन चालक था और दो बच्चों का पिता था. जानकारी के अनुसार, विकास रात में अपने दोस्तों के साथ दतिया जिले के बड़ोंनकला गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आया था.

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट सिंधिया को भेंट



**ग्वालियर,28 अप्रैल. रोटरी क्लब ग्वालियर द्वारा स्थापित रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन ने इस वर्ष शिवपुरी में जो मेडीकल कैम्प किया था, उसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है. एक ही स्थान पर इतने लंबे समय तक चलने वाले मेडीकल शिविर के रूप में यह दर्ज किया गया है. साथ ही इतने सारे पैशेंट एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों का जमावड़ा इंडिया में पहली बार रिकॉर्ड किया गया.**

आज मंगलवार दोपहर जयविलास परिसर में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव डॉ. प्रदीप पाराशर, कोषाध्यक्ष उदित चतुर्वेदी के साथ प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया को भेंट किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में रोटरी के पूर्व प्रांतपाल डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोहित जैन, आगामी अध्यक्ष डॉ. प्रियंबदा भसीन, उपाध्यक्ष शुभांगी चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर रोटरी क्लब की आगामी अध्यक्ष डॉ. प्रियंबदा भसीन ने जो एक जुलाई से अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करेंगी, शपथ ग्रहण समारोह में सिंधिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। सिंधिया ने अपनी सहमति प्रदान की है। आगामी जुलाई में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में वे रोटरी क्लब ग्वालियर में उपस्थित रहेंगे.



# पंचूलाल प्रजापति विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष

**भोपाल.** राज्य शासन ने विन्ध्य क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास को गति देने की दिशा में विन्ध्य विकास प्राधिकरण में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं. जारी आदेश के अनुसार पंचूलाल प्रजापति को विन्ध्य विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नामांकित किया गया है. साथ ही, डॉ. अजय सिंह तथा संजय तीर्थानी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

# पाडल्या पंचायत में विकास के नाम पर धांधली

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** जिले की जनपद पंचायत पंधाना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पाडलिया इन दिनों भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में है। सरकारी खजाने की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले जिम्मेदारों ने ही आपसी मिलीभगत कर विकास कार्यों के नाम पर बंदरबांट का ऐसा खेल रचा है, जिसने प्रशासनिक शुचिता पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। यहां आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण से लेकर सीसी रोड निर्माण तक के कार्यों में वित्तीय नियमों को दरकिनार कर केवल कागजी खानापूर्ति के माध्यम से लाखों रुपये निकाल लिए गए।

सबसे चौंकाने वाला मामला सोहनलाल के घर से शाकिर के घर तक निर्मित सीसी रोड सह नाली निर्माण में सामने आया है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 3 लाख 69 हजार रुपये का व्यय दिखाया गया है। नियमानुसार, किसी भी कार्य का भुगतान तभी पूर्ण माना जाता है जब उसके समस्त बिल प्रस्तुत किए जाएं, परंतु यहाँ 31 हजार रुपये कम के बिल होने के बावजूद उपयंत्री ने 13 जनवरी 2020 को ही कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया। यह सीधे तौर पर सरपंच, सचिव और उपयंत्री के बीच हुए उस अपवित्र गठबंधन को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य केवल और केवल सरकारी धन का बंदर बाट करना ।

भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि मटेरियल खरीदी के तय पैमानों को भी पूरी तरह से बदल दिया गया। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि निर्माण कार्यों में मटेरियल और मजदूरी का एक निश्चित अनुपात होना चाहिए, जिसके तहत मटेरियल पर अधिकतम 2 लाख 75 हजार रुपये खर्च किए जा सकते थे।

> हैरानी की बात यह है कि पंचायत स्तर पर फाइल को गलत करार दिए जाने के बावजूद जनपद स्तर के अधिकारियों ने बिना भौतिक सत्यापन के उपयोगिता प्रमाण पत्र कैसे जारी कर दिए? यह पूरा मामला परफामेंस ग्रांट फंड की राशि के दुरुपयोग का एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है, जिसकी यदि जिला प्रशासन उच्च स्तरीय जांच कराए और इन नंबरों के आधार पर वेंडरों के खातों की पड़ताल करे, तो एक बहुत बड़े सिंडिकेट का खुलासा होना निश्चित है।

# बहन को लेने आए साले पर जीजा ने चाकू से किए 24 वार

**ग्वालियर, 28 अप्रैल. ठाठीपुर इलाके में एक युवक ने अपने ही साले पर सब्जी काटने वाले चाकू से ताबड़तोड 24 वार कर दिये. अटैक में गंभीर घायल युवक को अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया गया है जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. पुलिस ने मामले की गंभीरता देखते हुए मुख्य आरोपी जीजा और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उनका पिता फरार है.**

देवेन्द्र रजक मुरैना से अपनी बहन के ससुराल आया था, ताकि वह उसके ससुराल वालों से बातचीत कर मामले को सुलझा सके, लेकिन उसके वहां पहुंचते ही जीजा कृष्णा रजक आग बबूला हो गया और अपनी पत्नी को उसके साथ भेजने से साफ मना कर दिया. इस बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई. यह पूरा मामला पारिवारिक विवाद का नतीजा है. मुरैना निवासी देवेन्द्र रजक की बहन की शादी चार साल पहले ग्वालियर के मेहरा कॉलोनी निवासी कृष्णा रजक से हुई थी. आरोप है कि शादी के बाद से ही कृष्णा, उसका भाई सोनू और पिता राम अवतार मिलकर देवेन्द्र की बहन को परेशान करते थे.

> खून से लथपथ भाई को देखकर बहन घबरा गई और उसने स्थानीय लोगों की मदद से देवेन्द्र को तुरंत अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टरों ने देवेन्द्र की हालत गंभीर बताई है और उसका इलाज जारी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने मुख्य आरोपी कृष्णा रजक और उसके भाई सोनू को गिरफ्तार कर लिया है. फरार पिता राम अवतार की तलाश जारी है. सीएसपी मुरार अतुल सोनी ने बताया कि युवक का गला रेत कर हत्या का प्रयास करने वाले उसके बहनोई कृष्णा और उसके भाई सोनू को पकड़ लिया गया है.

# राजा हिरदेशाह की जीवनी पाठ्यक्रम में होगी शामिल

**भोपाल, 28 अप्रैल. राजधानी भोपाल का जम्बूरी मैदान मंगलवार को राष्ट्रभक्ति और शौर्य के गौरवशाली इतिहास का साक्षी बना. नर्मदा टाइगर के नाम से विख्यात, 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की 168वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित शौर्य यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेकार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने राजा हिरदेशाह जी के बलिदान को याद किया.

उन्होंने भावुक और ओजस्वी स्वर में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जिस महानायक ने 1857 की क्रांति से भी 15 वर्ष पूर्व अंग्रेजों की चूलें हिला दी थीं, उनकी शौर्य गाथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचना अनिवार्य है.

अत: उनकी जीवनी को विद्यालयी पाठ्यक्रम में सम्मिलिते किया जाना चाहिए. मंत्री श्री लोधी के इस प्रस्ताव को



> डॉ. मोहन यादव ने राजा साहब की जन्मस्थली हीरापुर को एक भव्य पर्यटन और ऐतिहासिक केंद्र के रूप में विकसित करने का भी संकल्प दोहराया. इस अवसर पर पूज्य दादा गुरु जी का सानिध्य प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विजय शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विभिन्न जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे. मंत्री श्री लोधी ने अपने संबोधन का समापन अटल जी की पंक्तियों से किया, जिससे पूरा मैदान भारत माता की जय और राजा हिरदेशाह अमर रहें के नारों से गुंजायमान हो उठा. यह आयोजन न केवल एक समाज की अस्मिता का प्रतीक था, बल्कि मध्य प्रदेश के गौरवशाली स्वाधीनता इतिहास को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहर्ष स्वीकार कर लिया. मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा की कि राजा हिरदेशाह लोधी की जीवनी पर गहन शोध कराया जाएगा और उसे स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और वास्तविक नायकों से परिचित हो सके.

# कटनी-मंडला में पुलिस ने की छापेमारी

**जबलपुर, 28 अप्रैल.** रांझी थाना अंतर्गत बडा पत्थर नरसिंहनगर में 15 एकड़ कृषि भूमि के विवाद पर 23 अप्रैल की सुबह गोली मारकर की गई सिविल इंजीनियर की हत्या मामले में फरार तीन आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. दो टीमें जिले से बाहर भी गई है. सूत्रों के मुताबिक एक टीम कटनी तो दूसरी मंडला में छापेमारी करने पहुंची है हालांकि पुलिस के हाथ खाली है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही मुख्य आरोपित समेत अन्य को पकड़ लिया जायेगा. जिनके पकड़े जाने के बाद हत्या से जुड़े नए राज भी खुल सकते है.

# सात वर्ष तक अनुपस्थित 9 कर्मचारियों की नौकरी गई

**ग्वालियर, 28 अप्रैल.** नगर निगम आयुक्त संघप्रिय द्वारा लगातार बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है. लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 9 विनियमित कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई है.

# शादी नहीं की तो 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गए प्रेमी-प्रेमिका

**शिवपुरी.** थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी के ग्राम गणेश खेड़ा में 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर टावर पर पहले प्रेमिका और फिर उसके पीछे प्रेमी चढ़ गया. थाना तेंदुआ के प्रभारी जितेंद्र सिंह जाट ने अपने स्टाफ के साथ जाकर दोनों प्रेमी प्रेमिका को समझाया और 4 घंटे लगातार उनकी काउंसलिंग की और उनको टावर के नीचे उतारने के लिए राजी किया तब दोनों टावर से उतरकर वापस आए. प्रेमिका के घर वाले 3 दिन बाद उसकी मर्जी के विरुद्ध दूसरे लड़के से शादी कर रहे थे जबकि वह अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी. इसी कारण वह टावर पर चढ़ गई और उसका प्रेमी भी टावर पर चढ़ गया.

समीक्षा | डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने समीक्षा बैठक में दी हिदायत

# भर्ती प्रक्रियाओं को शीघ्र करें पूर्ण : शुक्ल

**भोपाल, दिनांक 28 अप्रैल. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की.**

समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रस्तावों एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाहियों की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भर्ती प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए, जिससे आमजन



को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बुधनी, दमोह एवं छतरपुर मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए. स्वास्थ्य संस्थाओं में लंबित आउटसोर्स पदों पर भर्ती के लिए सभी जिलों में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित नर्सिंग कॉलेजों की उत्तीर्ण छात्राओं को नियुक्ति में सभी जिलों का विकल्प प्रदान करने संबंधी कार्यवाही भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने परियोजना परीक्षण समिति एवं व्यय वित्त समिति को भेजे जाने वाले प्रस्तावों की वृहद समीक्षा की.

उन्होंने नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं की स्वीकृति एवं उन्नयन, सागर में कैंसर अस्पताल और सिंगरौली में अस्पताल उन्नयन के प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की पूर्ति के निर्देश दिए.

> कैबिनेट अनुमोदन के लिए एयर एम्बुलेंस संचालन में नई शर्तों का समावेश, शव वाहन के संभागीय संचालन की अनुमति, विशेषज्ञों की सीधी भर्ती, 16 जिला अस्पतालों में नए पदों का सृजन, सी.सी.एच.बी. अंतर्गत पदों की स्वीकृति के प्रस्तावों को आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति कर शीघ्र अग्रेषित करने के लिए कहा. उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों की पदोन्नति के लिए लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 से छूट, विशेषज्ञों की सीधी भर्ती के लिए अनुमति, नर्सिंग ऑफिसर एवं ट्यूटर के 2 हजार 317 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी करने और अस्पताल सहायकों के 1200 पदों पर भर्ती परीक्षा आयोजित करने हेतु आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए.



# चंबल पेयजल प्रोजेक्ट में देरी पर सांसद भारतसिंह हुए नाराज

**ग्वालियर,28 अप्रैल. सांसद भारत सिंह कुशवाह ने आज मंगलवार को चंबल पेयजल प्रोजेक्ट का 5वी बटालियन मुरैना से निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण प्रारंभ किया.**

इस दौरान निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को प्रोजेक्ट को गुणवत्ता के साथ तेजी से तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए. साथ ही प्रोजेक्ट में देरी को लेकर नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि ग्वालियर की पेयजल आपूर्ति के लिये अति महत्वपूर्ण चंबल पेयजल प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से ग्वालियर में पेयजल की समस्या से स्थायी निजात मिलेगी.